# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/10/25 – 133 ,राँची/दिनांकः 04/11/2025

**बी॰एससी॰ नर्सिंग (पोस्ट–बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025 के विशेष ऑनलाईन साक्षात्कार से संबंधित सूचना**

शैक्षणिक वर्ष– 2025–2026 में राज्य के नर्सिंग संस्थानों (सरकारी नर्सिंग संस्थानों के सभी सीटों एवं गैर–सरकारी संस्थानों के 50% मुक्त सीटों) के B.Sc Nursing (Post-Basic) पाठ्यक्रम के नामांकन हेतु प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ ऑनलाईन साक्षात्कारों से अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकन के उपरान्त रिक्त बचे सीटों पर नामांकन की अनुशंसा हेतु विशेष ऑनलाईन साक्षात्कार दिनांक–06.11.2025 से आयोजित की जा रही है।

2. स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के झारखण्ड राज्यांतर्गत नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन एवं परीक्षा संचालन (संशोधन) नियमावली, 2024 के आलोक में नर्सिंग पाठ्यक्रमों के प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षाओं के परीक्षाफल में उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। बी0एससी0 नर्सिंग (Post-Basic)–2025 प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची पर्षद के **http://jceceb.jharkhand.gov.in** के डाउनलोड कॉलम में देखी जा सकती है।

3. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ साक्षात्कारों से नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर संस्थान परिवर्त्तन चाहते हैं, तो वे भी इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि विशेष चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार में उन्हें सीट पुनर्आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

4. नर्सिंग पाठ्यक्रम B.Sc Nursing (Post-Basic) की सीटों के आवंटन हेतु आयोजित विशेष ऑनलाईन साक्षात्कार का कार्यक्रम निम्न प्रकार है :–

**Time Schedule for Special Round of Online Counselling for B.Sc Nursing (Post-Basic)-2025 Course**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Display of Vacant seat Matrix | 06.11.2025 |
| 2. | Online Registration, Uploading of documents and Choice Filling for seat Allotment | 07.11.2025 to 10.11.2025 |
| 3. | Editing in filled up choices if needed | 11.11.2025 |
| 4. | Issue of Provisional seat Allotment Letter | 13.11.2025 |
| 5. | Documents Verification and Admission in the concerned nursing Institute | 14.11.2025 to 20.11.2025 |

5. बी॰एससी॰ नर्सिंग (पोस्ट–बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची में शामिल सभी अभ्यर्थी उपलब्ध संस्थानों में से अपने लिये संस्थान का चयन प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध Click here for All Online Counselling JCECEB-2025 Link पर Click कर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों का चयन कर लें। **विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें।**

6. वांछित प्रमाण पत्रों यथा स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र का प्रारूप पर्षद के वेबसाईट के डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध है।

7. बी0एससी0 नर्सिंग पोस्ट बेसिक पाठ्यक्रम की सीटों का आवंटन निम्न प्राथमिकता क्रम के अनुसार की जायेगी :–

क) ''ए'' ग्रेड नर्स के रूप में झारखण्ड सरकार के अधीन सरकारी सेवा में कार्यरत नियमित कर्मी।

ख) अनुबंध पर राज्य सरकार के अधीन कार्यरत ''ए'' ग्रेड नर्स।

ग) गैर सरकारी संस्थानों में कार्यरत ''ए'' ग्रेड नर्स।

**अतः बी0एससी0 नर्सिंग पोस्ट बेसिक (B.Sc. Nursing Post-Basic) के अभ्यर्थी को अपना सेवा प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।**

8. विशेष साक्षात्कार में आरक्षित सीटों के विरूद्ध अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में आरक्षित सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019का0–1434/राँची दिनांक–15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा।

9. **साक्षात्कार शुल्कः**– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

| Sl.No. | Category | Counselling Fee |
|---|---|---|
| 1. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| 2. | Female Candidate of all categories | Rs. 250.00 |

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक